# गोली मारकर युवक की हत्या, दोस्तों के साथ बैठकर पी रहा था शराब




संवाददाता–गोरखपुर। राजघाट थानाक्षेत्र के अमरुदमंडी में बीती देर रात युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक शशांक पांडेय नौसढ़ के पास भिलौरा गांव का रहने वाला था। गांव वालों ने बताया कि शशांक और गांव का ही एक लड़का साथ में गांव से देर शाम बाहर निकले थे। बताया जाता है की अमरुतानी में दोस्तों के साथ सब बैठकर शराब पिए। किसी बात पर विवाद में गोली चल गई और शशांक की मौके पर मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि साथ वाले लड़के की मां ने शशांक के घर फोन कर सूचना दी कि कहीं गोली चल गई है, दिखवा लीजिए। परिजनों के साथ ही गांव वाला वो युवक और उसकी मां भी शशांक के परिजनों के साथ उसकी तलाश करने निकले।

तकरीबन रात डेढ़ बजे शव मिलने के बाद से गांव को दूसरा युवक और उसके परिजन लापता हैं। जबकि, शव मिलने पर परिजन स्कूटी से लेकर शशांक को जिला अस्पताल पहुंचे। वहां जाकर पता चला कि पहले ही मौत हो चुकी है। इसी के साथ परिजनों ने पुलिस को भी सूचना दी। सीओ कोतवाली गौरव त्रिपाठी सूचना पर सुबह चार से पांच बजे घटनास्थल पर पहुंचे। शव को पीएम के लिए भेज दिया। बताया कि युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। परिजनों के द्वारा बताए संदिग्ध की तलाश की जा रही है। जल्दी ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## 33 लाख का गबन करने के आरोपी गए जेल

संवाददाता–सिद्धार्थनगर। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी से खाता खुलवाकर 33 लाख रुपये हड़पने की आरोपी महिला और पुरुष को पुरानी नौगढ़ चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाने पर लाकर पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। शहर कोतवाल गौरव कुमार सिंह के मुताबिक तीन गांव में स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को धोखाधड़ी करके एक ही महिला का कई खाता खोलवाकर रुपये हेराफेरी के हड़पने की शिकायत हुई थी। इसमें एक सीएफसी संचालक और एक महिला जो खाता खुलवाने और रुपये की हेराफेरी के मामले में धोखाधड़ी सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया गया। इसमें एक सदस्य का पांच से छह खाता खुलवाया था। कुल 111 बैंक खाते समय में आए हैं, जिसमें 33 लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर करने की बात सामने आई है। केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी थी। पुरानी नौगढ़ चौकी प्रभारी अनूप कुमार को जानकारी मिली की आरोपी अनीता निवासी बर्डपुर नंबर 11 टोला बरगदही थाना व सोमनाथ निवासी रेहरा थाना सदर को गिरफ्तार कर लिया गया। थाने पर लाकर पूछताछ करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पकड़ने वाली टीम में पुरानी नौगढ़ चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्र आदि शामिल रहे। आरोपी अनीता एवं सोमनाथ मालती ग्रामीण सेवा केंद्र संचालक की ओर से गांव की विभिन्न महिलाओं को योजनाबद्ध तरीके बहला फुसलाकर धोखे से विभिन्न समूहों के फाइनेंस बैंकों में लोन का खाता खुलवाकर लोन की धनराशि को समूहों की महिलाओं से अंगूठा लगवाकर स्वयं अपने बैंक के खाता में हस्तांतरित कर लेते थे। जिससे समूहों की वास्तविक खाता धारकों तक लोन की धनराशि न पहुंचता। उक्त खाता खुलवाने के लिए अनीता एवं सोमनाथ फर्जी आधारकार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र तैयार कर समूहों की महिलाओं के साथ योजनाबद्ध तरीके से छल करते हुए धोखाधड़ी करते।

# राम मंदिर में वीआईपी दर्शन के नाम पर नया खेल शुरू, रामजन्मभूमि थाने की पुलिस ने शुरू की जांच



संवाददाता–अयोध्या। राम मंदिर में वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर एक नया खेल शुरू हो गया है। राम मंदिर में सुगम दर्शन के लिए राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से पास बनाए जाते हैं। ट्रस्ट की ओर से सुगम व विशिष्ट दर्शन पास बनाए जा रहे हैं। इस पास से दर्शन के लिए बाकायदा पालियों का भी निर्धारण किया गया है। निर्धारित पाली में ही दर्शन मिलता है। अब पास को एडिट कर वीआईपी दर्शन कराने का खेल सामने आया है। इससे पहले भी राममंदिर में पैसे लेकर वीआईपी दर्शन कराने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। थाना रामजन्मभूमि के एसओ देवेंद्र पांडेय ने बताया कि इस तरह की कुछ सूचनाएं मिली थीं, मामले की जांच की जा रही है।

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0 428/2023
अदालत–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0)बस्ती महोदय जिला–बस्ती
श्रीमती शशिकला आदि
बनाम
श्रीमती प्रेमकला आदि

1. श्रीमती प्रेमकला उम्र लगभग 60 साल पत्नी मुक्तेश्वर मिश्रा 2. श्रीमती सूर्यकला उम्र लगभग 63 साल पत्नी सतीशचन्द्र पाण्डेय 3. श्रीमती जनकनन्दिनी पाण्डेय उम्र लगभग 58 साल पत्नी चन्द्राशु कुमार पाण्डेय निवासीगण हाल मुकाम ग्राम सोनपुरा तप्पा कपरी महसो परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला बस्ती

**तारीख पेशी 11–07–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 11 माह 07 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जवाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबावदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्ताई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबावदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया। द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0 930/2019
अदालत–श्रीमान प्रथम अति0 सिविल जज (जू0डि0) बस्ती महोदय जिला–बस्ती
बाबूराम
बनाम
सुदामा प्रसाद

1. सुदामा प्रसाद पुत्र विन्ध्याचल साकिन अमोढ़ा तप्पा रामगढ़ परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला बस्ती

**तारीख पेशी 05–08–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 05 माह 08 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जवाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबावदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्ताई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबावदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## किशोरी को भगाकर लाया युवक गिरफ्तार

संवाददाता–सिद्धार्थनगर। जनपद के मिश्रौलिया थानाक्षेत्र का एक युवक लगभग ढ़ाई माह पहले मुंबई से एक किशोरी को भगा लाया था। थानाक्षेत्र व मुंबई पुलिस के संयुक्त दबिश में आरोपी युवक को उसके मामा के घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक के पास से ही लड़की भी बरामद हुई है। आरोपी के विरुद्ध मुंबई के थाणे जिले के थाणे थाना में केस भी दर्ज है। पुलिस युवक को न्यायालय में पेश करने के बाद रिमांड पर लेकर मुंबई चली गई है। मुंबई के थाणे थानाक्षेत्र में जनपद के मिश्रौलिया थानाक्षेत्र गांव निवासी गणेश (22) पुत्र ओम प्रकाश मामा के घर रहता था। युवक यहां रहते हुए 17 वर्षीय एक किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और लगभग ढ़ाई माह पहले किशोरी को लेकर फुर्र हो गया। मामले में आरोपी युवक के विरुद्ध थाणे थाना में केस दर्ज है। 28 मई को मुंबई पुलिस के सब इंस्पेक्टर नागेश्वर मुंडे व कांस्टेबल लक्ष्मण मुंडे जनपद के मिश्रौलिया थानाक्षेत्र की पुलिस से संपर्क कर प्रकरण के संदर्भ में जानकारी दी। इसके बाद स्थानीय थानाक्षेत्र की पुलिस व मुंबई पुलिस आरोपी के घर दबिश देकर पिता से युवक के संदर्भ में पूछताछ की तो वह घुमाने लगा। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए पिता को थाने बैठा दिया। इसके बाद 30 मई की शाम आरोपी युवक को उसके मामा के घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

## हत्या के प्रयास की आरोपी महिला गिरफ्तार

संवाददाता–सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा थाना की पुलिस ने हत्या के प्रयास की आरोपी महिला को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। केस दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रही थी। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि .वंदना पत्नी योगेंद्र त्रिपाठी निवासी पिपरा थाना गोल्हौरा के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 336, 307, 325, 504, 506 के तहत केस दर्ज था। उसकी तलाश की जा रही थी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**दैनिक भारतीय बस्ती**
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय
प्रबन्ध सम्पादक–दिनेश सिंह
संयुक्त सम्पादक–प्रदीप चन्द्र पाण्डेय
अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–
चर्तुभुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट
अयोध्या–फैजाबाद
लखनऊ कार्यालय–
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
गोरखपुर कार्यालय–
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेलbhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com

# डॉक्टर पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोश

संवाददाता–संतकबीरनगर। सीएचसी हैंसर बाजार पर इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे एक डॉक्टर पर शुक्रवार को कई लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास तो शुरू की लेकिन एक सप्ताह का समय बीतने के बाद भी उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। जिससे डॉक्टरों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि अगर रविवार तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सोमवार को वह ओपीडी बंदकर आमरण अनशन पर बैठेंगे। तहसील क्षेत्र के सीएचसी हैंसर बाजार में डॉक्टर राजेश त्रिपाठी बीते शुक्रवार को इमरजेंसी ड्यूटी पर थे। सुबह 7र30 बजे हैंसर बाजार निवासी शीत बसंत, अनूप सहित आठ लोग एक मरीज को लेकर पहुंचे और अपने मनमानी दवा करवाने के लिए दबाव बनाने लगे। जब डॉक्टर ने कहा कि उपचार हम अपने हिसाब से करेंगे। इसपर मरीज के साथ आए लोगों ने डॉक्टर के ऊपर हमला कर दिया और मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में बसंत, अनूप सहित आठ लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा तो दर्जकर लिया, लेकिन लगभग एक सप्ताह का समय बीतने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी। इसको लेकर डॉक्टरों में आक्रोश है। अधीक्षक डॉ रमेश सोनकर का कहना है कि पुलिस एक सप्ताह का समय मांगी थी जो कल पूरा हो रहा है। हम दो दिन का और समय देते हैं रविवार तक अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सोमवार को हम लोग मजबूर होकर आमरण अनशन पर बैठेंगे और ओपीडी को बंद कर देंगे। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# खेत की खुदाई के दौरान मटके में मिले मुगलकालीन सिक्के

संवाददाता–संतकबीरनगर। बेलहर थानाक्षेत्र के लोहरौली मिश्र गांव में एक खेत की जेसीबी से खुदाई के दौरान सिक्के से भरा एक मटका मिला है। मटके में सिक्के मिलते ही मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीण उसे उठा ले गए। सूचना पर पंहुचे तहसील प्रशासन ने सिक्कों की बरामदगी करवाते हुए सील करवा दिया। पुरातत्व विभाग से सिक्के की जांच करवाया जाएगा। सिक्के पर उर्दू व फारसी भाषा में लिखे मुगल बादशाहों के नाम से इसे मुगलकालीन होने का अंदेशा जताया जा रहा है। सिक्के किस धातु के बने है इसके लिए कयासों का दौर चल रहा है। मटका भरा सिक्का मिलना पूरे दिन गांव में कौतूहल का विषय बना रहा। सभी सिक्कों को लेकर अपना–अपना नजरिया रखते नजर आए। बेलहर थानाक्षेत्र के लोहरौली मिश्र गांव में बीते दिनो एक खेत की खुदाई हो रही थी। इसी दौरान जेसीबी मशीन एक मटके से जा टकराया। जेसीबी चालक ने तत्काल मशीन रोक दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने देखा कि मटका सिक्के से भरा हुआ है। सिक्के पर उर्दू फारसी भाषा पर लिखावट के साथ ही मुगल बादशाहों के नाम लिखे थे। कुछ लोग सिक्कों को कीमती जान इसे अपने घर उठा ले गए। पूरे मामले की तहसील प्रशासन को हुई। एसडीएम के निर्देश पर तहसील प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे। 168 चांदी के सिक्के की बरामदगी किया। कुछ सिक्के अभी तक ग्रामीणों ने वापस नहीं किए हैं। जिसकी वापसी को लेकर तहसील प्रशासन प्रयास कर रहा है। बरामद सिक्कों को तहसील प्रशासन ने सील कर अपने कब्जे में ले लिया। इन्हें पुरातत्व विभाग को सौंपा जा रहा है। पूरे मामले की वृहद जांच पुरातत्व विभाग के द्वारा की जाएगी। अरुण कुमार, एसडीएम मेंहदावल ने कहा कि बरामद सिक्कों को सील कर ट्रेजरी में जमा कराया जा रहा है। पुरातत्व विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। पुरातत्व विभाग के जांच के बाद ही सिक्कों के बारे में स्पष्ट सही जानकारी सामने आएगी। कुछ सिक्के अभी तक बरामद नहीं हुए हैं। अगर इन सिक्कों की वापसी नहीं होती है, तो संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## आज 18 हजार पुलिस व अर्द्धसैनिक बल कराएंगे मतदान

संवाददाता–गोरखपुर। गोरखपुर और बांसगांव लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने ` पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों, सशस्त्र बल के राजपत्रिक अधिकारियों और जवानों की चुनावी ब्रीफिंग की। उन्होंने बताया कि चुनाव में किसी का पहचान पत्र चेक करना पुलिस का काम नहीं होगा। बूथ से 100 मीटर की परिधि में मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। जनप्रतिनिधियों के शस्त्र सुरक्षाकर्मी भी 100 मीटर की परिधि में शस्त्र लेकर नहीं जाएंगे। एसएसपी ने बताया कि गोरखपुर जिले में दो लोकसभा क्षेत्र पड़ता है। पूरे क्षेत्र को 29 जोन तथा 252 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र को 2–2 क्यूआरटी टीम उपलब्ध कराई गई है। गोरखपुर की बाहरी सीमाओं पर 32 स्थानों पर अन्तर्जनपदीय बैरियर की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त 50 स्थानों पर आंतरिक पिकेट (चेक पोस्ट) की व्यवस्था की गई है। सप्तम चरण में कुल 1773 मतदान केन्द्रों तथा 3271 मतदेय स्थलों पर मतदान किया जाना है। इसमें से लोकसभा क्षेत्र गोरखपुर में 140 मतदान केन्द्र व 214 बूथ क्रिटिकल है जबकि बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में 96 मतदान केन्द्र व 186 बूथ क्रिटिकल है जिन पर विशेष निगरानी की जरूरत है। एसएसपी ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र गोरखपुर में बल्नरेबिल मजरों की संख्या 05 है जबकि बांसगांव में बल्नरेबिल मजरों की संख्या 02 है।

## हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता–सिद्धार्थनगर। उस्का बाजार थाना की पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने बताया कि रविशंकर उर्फ रवि पुत्र ईश्वरदीन व गौतम पुत्र कन्हैया निवासी फुलवरिया थाना उस्का बाजार के खिलाफ धारा 307, 323, 504, 506 के तहत केस दर्ज था। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# राम मंदिर के प्रथम तल पर भी होगा अष्टकोणीय गर्भगृह का निर्माण

संवाददाता–अयोध्या। राम मंदिर के भूतल के गर्भगृह की तरह प्रथम तल का गर्भगृह भी अष्टकोणीय ही बन रहा है। मंदिर निर्माण की एजेंसी एलएण्डटी के परियोजना निदेशक वीके मेहता के दावे के अनुसार प्रथम तल का स्ट्रक्चर लगभग पूरा हो गया है। वह कहते हैं कि फ्लोरिंग व दरवाजे का काम शेष है। बताया गया कि फ्लोरिंग का काम शुरू हो गया है और दरवाजों के निर्माण का काम रामसेवकपुरम में चल रहा है। बताया गया कि भूतल में 18 दरवाजे लगाए गये है जो कि अलग–अलग चार तरह के है। इन चारों तरह के अलग–अलग दरवाजों की डिजाइन भी अलग–अलग हैं। उसी तरह से प्रथम तल व द्वितीय तल इन दोनों में 12–12 दरवाजे लगाए जाएंगे। यह सभी दरवाजे स्वर्ण जड़ित होंगे जो कि दिल्ली स्थित ज्वेलर्स की ओर से दरवाजों पर जड़े जाएंगे। इसके पहले रामसेवकपुरम में निर्माणाधीन दरवाजों की जिम्मेदारी मेसर्स अनुराधा इंटरनेशनल टिम्बर, हैदराबाद, तेलंगाना को दी गई है। इस एजेंसी के निदेशक शरद बाबू ने बताया कि भूतल की तरह ही प्रथम व द्वितीय तल के दरवाजों में तीन अलग–अलग डिजाइन के होंगे। बताया गया कि इनका निर्माण भी कन्याकुमारी तमिलनाडु के ही कारीगरों के द्वारा किया जा रहा है।

# पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना, शहर में लग गया जाम



संवाददाता–गोरखपुर। पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को दोपहर से विवि परिसर से मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होने लगीं। मतदान शनिवार को सुबह सात बजे से मतदान शुरु होकर शाम छह बजे तक चलेगा। इसके बाद ईवीएम लेकर पोलिंग पार्टियां फिर गोरखपुर यूनिवर्सिटी आएंगी। जहां इन्हें स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्णा करुणेश ने बताया कि मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कुछ बूथों से शिकायतें आईं थी उन्हें भी दूर करा दिया गया है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को दोपहर से ही विश्वविद्यालय परिसर से दूरी के हिसाब से रवाना होने लगीं। जो सबसे दूर सबसे दूर होगा वहां की पोलिंग पार्टी सबसे पहले रवाना हुई। जो बूथ सबसे नजदीक होगा वहां की पार्टियां देर शाम को रवाना हुईं। इस बार दोनों सीटों पर कुल 36,67,756 वोटर मतदान करेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 19,72,307 और महिला मतदाताओं की संख्या 16,95,198 है जबकि 251 मतदाता थर्ड जेंडर के हैं। निर्वाचन कार्यालय के डाटा के अनुसार जिले में सबसे अधिक 4.77 लाख मतदाता शहरी क्षेत्र में और सबसे कम 3.58 लाख मतदाता चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र में हैं। इस बार मतदान कर्मियों को ड्यूटी स्थल पर पहुंचने से पहले ही भुगतान कर दिया जाएगा। दरअसल हर बार बाद में भुगतान की प्रक्रिया में असुविधा हो जाती है। इसी से बचने के लिए नई व्यवस्था की गई है।

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0 454/2020
अदालत–श्रीमान द्वादश अति0 सिविल जज (जू0डि0) बस्ती महोदय जिला–बस्ती
अभिषेक कुमार आदि
बनाम
निर्मती देवी

1. निर्मती देवी उम्र लगभग 55 साल पत्नी श्रीहरि प्रसाद साकिन नक्थर तप्पा छपिया परगना रसूलपुर तहसील भानपुर जिला बस्ती

**तारीख पेशी 11–07–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 11 माह 07 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जवाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबावदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्ताई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबावदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0 540/2023
अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती महोदय जिला–बस्ती
प्रदीप सिंह
बनाम
विश्वनाथ

1. विश्वनाथ पुत्र सरस्वती साकिन नेउरीगाड़ा तप्पा कुसरौत हाल मुकाम कोठवाभरतपुर पो0 गांधीनगर तप्पा परगना नगर पूरव तहसील व जिला बस्ती

**तारीख पेशी 03–07–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 03 माह 07 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जवाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबावदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्ताई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबावदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
वाद सं0 51/2022
अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती महोदय जिला–बस्ती
नेबूलाल
बनाम
शिव प्रसाद

1. शिव प्रसाद पुत्र मुसई साकिन करमी बुजुर्ग तप्पा कलवारी परगना नगर पूरब तहसील व जिला बस्ती

**तारीख पेशी 08–08–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 08 माह 08 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जवाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबावदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्ताई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबावदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
वाद सं0 33/2023
अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती महोदय जिला–बस्ती
रविन्द्र कुमार
बनाम
बंश गोपाल आदि

1. बंश गोपाल 2. कृष्ण गोपाल 3. इन्द्र गोपाल पुत्रगण राम प्रसाद 4. संजय चौधरी 5. अभय चौधरी पुत्रगण कालेन्द्र प्रसाद 6. मु0 पुष्पा बेवा कालेन्द्र प्रसाद समस्त निवासीगण मौजा रघउपुर तप्पा कुदरहा परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला बस्ती

**तारीख पेशी 04–08–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 04 माह 08 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जवाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबावदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्ताई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबावदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
वाद सं0 415/2023
अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती महोदय जिला–बस्ती
मधुकर प्रसाद
बनाम
श्रीमती संजू आदि

1. श्रीमती संजू पत्नी राजकेश उपाध्याय 2. राजकेश उपाध्याय पुत्र परमात्मा प्रसाद साकिनान मौजा हथिया तप्पा हवेली परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती वर्तमान पता नगर खास तप्पा हवेली परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 01–08–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 01 माह 08 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जवाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबावदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्ताई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबावदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया। द0 हाकिम